कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,अल्मोडा।
दूरमाष संख्या–05962–231105

विज्ञप्ति संख्या 01/जि0वि0से0प्रा0–अल्मोडा/चयन पी0एल0वी0/2023–24 **दिनॉकः–06.01.2024**

माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के पत्र संख्या 1219/यू0के0एस0एल0एस0ए0/2023, दिनॉकित 11 सितम्बर, 2023 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समस्त जनपद अल्मोडा के विभिन्न क्षेत्रों (जनपद मुख्यालय अल्मोडा/तालुक विधिक सेवा समिति रानीखेत/द्वाराहाट/भिकियासैंण एंव विभिन्न विकासखण्ड क्षेत्रों) से कार्य करने हेतु 42 पैरालीगल वालियन्टर्स (PLVs) चयनित किये जाने हैं,जिनके लिए अर्हता निम्न प्रकार हैः–

1– कम से कम मैट्रिक पास हो(वरिष्ठ नागरिक,सेवा निवृत,स्नातक,स्नातकोत्तर,डिप्लोमाधारी,कम्प्यूटर ज्ञान,विधि ज्ञान रखने व समाज सेवा के अनुभव वाले को वरीयता दी जायेगी।)

2– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सौंपे गये/बताये गये कार्यो के लिए पर्याप्त व पूर्ण समय दे सकें।

3– अभ्यर्थी के द्वारा जिस विकासखण्ड से आवेदन किया जा रहा हो, उसमें स्थाई रुप से वर्तमान में भी रह रहे हों।

4– अभ्यर्थी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका/चुकी हो (30 वर्ष से अधिक उम्र वाले, समाज सेवी व परिपक्व व्यक्ति को वरीयता दी जायेगी)।

<u>नोटः–</u>

पराविधिक स्वयसेवी के रुप में चयन किसी राजकीय सेवा के सापेक्ष चयन नहीं है और न ही इसके लिए कोई वेतन भुगतान होना है। पराविधिक स्वयसेवी के द्वारा एक दिन में किये गये कार्य के सापेक्ष 500/–रुपये के मानदेय का भुगतान आवश्यक सत्यापन के पश्चात किया जायेगा, इसलिए जो व्यक्ति समाज सेवा की प्रबल इच्छा रखते हों, वही व्यक्ति आवेदन करें। रोजगार के उद्देश्य से कोई भी व्यक्ति आवेदन न करें। जिला मुख्यालय से दूरस्थ स्थित विकासखण्डों के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। आवश्यकता पडने पर चयन समिति के द्वारा पराविधिक स्वयसेवियों के चयन हेतु साक्षात्कार लिया जा सकता है, जिसकी सूचना अभ्यर्थीगण को पृथक से दी जायेगी।

इच्छुक व अर्ह अभ्यर्थी नीचे दिये गये निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र, प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रति व अपने पते लिखे हुए 26–26 रुपये के डाक टिकट चस्पा किये हुए दो लिफाफों सहित दिनॉक 12.02.2024 की सांय 4:00 बजे तक सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,जिला न्यायालय परिसर अल्मोडा के पते पर डाक द्वारा या दस्ती जमा करा सकते हैं।

<u>पैरा लीगल वालिंयन्टर(P.L.V.) के चयन हेतु</u>
<u>आवेदन पत्र</u>

विज्ञप्ति संख्या 01/जि0वि0से0प्रा0–अल्मोडा/चयन पी0एल0वी0/2023–24 दिनॉकित 06.01.2024 के कम में निर्धारित प्रारुप में प्रार्थी/प्रार्थिनी आवेदन पत्र निम्नवत् प्रस्तुत हैः–

1–अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम(हिन्दी में)..
(अग्रेजी कैपिटल लैटर में)..

2–पिता/पति का नाम..

3–स्थाई पता..विकासखण्ड..
तहसील.............................जिला..................................(पते का प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

4–वर्तमान पता..

5–जन्म तिथि..(DD-MM-YYYY) उम्र.....................................

6– लिंग..पुरुष, महिला, कृप्या सही का निशान लगायें ( )

7– जाति..(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

8– मोबाईल नम्बर..

9– ई–मेल आई0डी0(यदि कोई हो)..

10– आधार संख्या ....(स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

11– शैक्षिक योग्यता ....(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

12– वर्तमान पेशा/कार्य..

13– अनुभव यदि कोई हो तो..(प्रमाण संलग्न करें)

घोषणाः– यह कि मैं निस्वार्थ भाव से समाज के कमजोर वर्गो, गरीबों, पिछडों व महिलाओं तक निःशुल्क कानूनी जानकारी पहुॅचाने हेतु समर्पित भाव व स्वेच्छा से पराविधिक स्वयसेवी (P.L.V.) के रुप में कार्य करने का/की इच्छुक हूॅ। यह कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरे गये समस्त विवरण मेरी जानकारी व विश्वास में पूर्ण एंव सत्य हैं, यदि कोई सूचना असत्य,अपूर्ण या छुपाई गयी, पायी जाती है तो मेरा चयन निरस्त कर दिया जाये तथा मैं कानूनी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी रहूॅगा/रहूॅगी।

दिनॉकः– **प्रार्थी/प्रार्थिनी के हस्ताक्षर**